# :: कार्यालय, जिला पंचायत, खंडवा (म.प्र.) ::

सिविल लाईन्स, खण्डवा, पिन कोड – 450001 ईमेल–ceozpkhd@mp.nic.in

क्रमांक /6408/ पंचा.सेल / 2024 खण्डवा दिनांक 28/11/24

## विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजन ग्राम पंचायत सचिव के पदों भर्ती हेतु विज्ञापन

संचालक सह–आयुक्त पंचायत राज संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक/ 9088/पं.रा./स्था.–2/एफ–6/मु./2024 भोपाल दिनांक 15.07.2024 अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये अधोलिखित तालिका में वर्णित पदों की पूर्ति वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता का विवरण नीचे दर्शाई गई तालिका में वर्णित है। धारित पदों का विवरण वेतनमान निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं वॉक–इन–इन्टरव्यू के लिये निर्धारित तिथि एवं समय की जानकारी निम्नानुसार है :–

| क्र | विज्ञापित पद का नाम | दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्तियाँ | | | | वेतनमान | निर्धारित योग्यता | आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | वॉक–इन–इंटरव्यू एवं दस्तावेज परीक्षण हेतु निर्धारित दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टिबाधित | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमे सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी एवं बहुविकलांगता | | | | |
| 1 | ग्राम पंचायत सचिव | 02 (UR) | | | | नियुक्ति पश्चात दो वर्ष तक 10000/– प्रतिमाह दो वर्ष संतोषजनक सेवा पूर्ण होने पर 5200–20200+ग्रेड पे 1900 | 1. मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोर्ड से हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय अथवा मुक्त विश्वविद्यालय का कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा (कम्प्यूटर परीक्षा उत्तीर्ण) होना अनिवार्य है। | 10/12/2024 | दिनांक 13/12/2024 से 20/12/2024 तक (प्रातः 11.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक) |

www.newsjobmp.com

### अन्य शर्तें :–

1. आवेदन पत्र निर्धारित अंतिम तिथि 10.12.2024 तक (कार्यालयीन अवकाश के दिनों को छोडकर) कार्यालय के पते पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत खण्डवा के नाम से संबोधित कर स्वयं प्रस्तुत करे अथवा पंजीयन डाक से प्रेषित करें। आवेदन पत्र कार्यालयीन समय सायंकाल 6.00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए, इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। आवेदन पत्र डाक से हुये विलम्ब के लिए कार्यालय उत्तरदायी नही होगा। अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण भरे हुये आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जावेगा।
2. आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला पंचायत खण्डवा पर उपलब्ध रहेगा।
3. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ, टिकट लगा हुआ लिफाफा संलग्न करें।
4. आवेदक की ई–मेल आई डी.......................... एवं मोबाईल नं..........................
5. आवेदक खण्डवा जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
6. समस्त प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित संलग्न करना अनिवार्य है।
7. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए।
8. आवेदक का रोजगार कार्यालय में जिवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
9. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
10. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

www.newsjobmp.com

11. निःशक्तता का डिजिटल प्रमाण पत्र जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
12. डिजिटल जाति प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
13. प्राप्त आवेदनों की जांच के पश्चात प्रचलित नियमों के अनुसार हायर सेकण्डरी में प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के कुल योग (एग्रीगेट) के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।
14. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा।
15. जिस आवेदक की 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा। तत्संबंधी आवेदक का घोषणा पत्र।
16. आवेदक का चयन म.प्र. पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा की शर्तें) नियम 2011 तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के तहत किया जावेगा।
17. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरूद्व नियुक्ति हो जाने पर नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा किसी भी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
18. आवेदक का चयन होने पर जिले की किसी भी रिक्त ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति दी जायेगी।
19. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत खण्डवा के पास सुरक्षित है।

## //ग्राम पंचायत सचिव के पद के लिये आवेदन का प्रारूप//

फोटो पासपोर्ट साईज

1. नाम मय पिता/पति................................
2. जन्मतिथि अंको में.........................शब्दों में...............................
3. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं प्राप्तांक का प्रतिशत....................
4. अन्य योग्यता.............................
5. कम्प्यूटर योग्यता.........................
6. जाति/वर्ग...............................
7. विवाहित/अविवाहित.................विवाह का दिनांक.................
8. यदि विवाहित हो तो बच्चों की संख्या...............................तथा सबसे छोटे बच्चे की जन्मतिथि...........................
9. पत्राचार का पता.................................................................................................
   ....................................................... पिन कोड.........................
10. स्थायी पता......................................................................................
   .....................................................पिन कोड.............................

मैं एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त समस्त विवरण मेरे संज्ञान के अनुसार सत्य है। उपरोक्त विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा गलत पाये जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी निरस्त समझी जायेगी, जो मुझे बिना शर्त मान्य होगी।

दिनांक

आवेदक के हस्ताक्षर

पूरा नाम.............................

दूरभाष/मो.नं......................

टीपः—आवेदन पत्र में दर्ज कोई भी असत्य जानकारी ग्राम पंचायत सचिव के पद हेतु अपात्रता होगी।

# :: कार्यालय जिला पंचायत, खण्डवा (म.प्र.) ::

ग्राम पंचायत सचिव के रिक्त पद हेतु आमंत्रित आवेदन के साथ निम्नानुसार दस्तावेज सलंग्न करे।

| क्रमांक | विवरण |
|---|---|
| 1 | आवेदन – पत्र (स्वयं का नवीन फोटो लगा आवेदन) |
| 2 | कक्षा दसवी की मार्कशीट (जन्मतिथि प्रमाण हेतु) |
| 3 | कक्षा बारहवी (10 + 2 हायर सेकण्डरी) उत्तीर्ण की मार्कशीट |
| 4 | यदि अन्य शैक्षणिक योग्यता है, तो तत्संबंधित प्रमाण–पत्र |
| 5 | विश्व विद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय अथवा मुक्त विश्वविद्यालय का कम्पयूटर डिग्री/डिप्लोमा (कम्पयूटर परीक्षा उत्तीर्ण) होना अनिवार्य है। |
| 6 | खण्डवा जिले का स्थायी मूल निवासी प्रमाण–पत्र |
| 7 | जाति प्रमाण–पत्र (तहसीलदार/अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व) |
| 8 | रोजगार कार्यालय (जीवित) पंजीयन प्रमाण–पत्र |
| 9 | विकलांग (निःशक्त) आवेदक आवेदन–पत्र के साथ विकलांगता संबंधी प्रमाण–पत्र (जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी) |
| 10 | आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ, टिकट लगा हुआ लिफाफा |
| 11 | आवेदक की ई–मेल आईडी ........................................................... |
| 12 | आवेदक का मोबाईल नम्बर (व्हाटसअप नम्बर सहित)............................................. |
| 13 | विवाहित स्थिती में विवाह प्रमाण–पत्र। |
| 14 | संतान संबंधी घोषणा–पत्र |

आवेदक के हस्ताक्षर

## पावती

श्री/श्रीमति/सुश्री ............................................................................. ग्राम ........................................
जिला ...................................... का आवेदन दिनांक ............................................को प्राप्त।

प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर
जिला पंचायत खण्डवा